जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 5734 / 2023 दिनांकः 31 अक्टूबर, 2023

सेवा में, **अति महत्वपूर्ण / शीर्ष प्राथमिकता**

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

विषयः–महाविद्यालय में हेल्प–डेस्क के सुचारू क्रियान्वयन के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयानुक्रम में सूच्य है कि विश्वविद्यालय के पत्र संख्याः जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 4491 / 2023, दिनांकः 27 मार्च, 2023 द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में हेल्प–डेस्क स्थापित किये जाने के निर्देश दिये गये थे, **किन्तु खेद का विषय है कि अधिकांश महाविद्यालयों में अभी तक हेल्प–डेस्क स्थापित ही नहीं किये गये हैं और जहाँ पर हेल्प–डेस्क स्थापित भी हैं, वे सुचारू ढ़ंग से कार्य नहीं कर रहे है।** प्रायः देखा जा रहा है कि महाविद्यालयी छात्र / छात्राएँ प्रतिदिन विभिन्न सूचनाओं के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय आ रहे हैं एवं अनावश्यक विश्वविद्यालय का चक्रमण करते रहते हैं।

अतः प्रत्येक महाविद्यालय के प्राचार्य / प्राचार्या को निर्देशित किया जाता है कि अपने–अपने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को आवेदन पत्र के साथ विश्वविद्यालय न भेजा जाय। समस्त आवेदन पत्र **महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा अपने लेटर पैड के माध्यम महाविद्यालयी विशेष वाहक / हेल्प–डेस्क प्रभारी द्वारा** विश्वविद्यालय प्रेषित किया जाय। **किसी भी दशा में छात्र / छात्राओं को Individual आवेदन पत्र के साथ विश्वविद्यालय प्रेषित न किया जाय। उपरोक्तानुक्रम में कोई विद्यार्थी अपनी समस्याओं के निवारणार्थ यदि विश्वविद्यालय सीधे उपस्थित होता है, तो समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी।**

भवदीय,

(एस0एल0 पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ–

01. माननीय कुलपति जी।
02. निदेशक शैक्षणिक, विश्वविद्यालय परिसर।
03. संकायाध्यक्ष–छात्र कल्याण संकाय।
04. कुलानुशासक, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
05. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने तथा कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
06. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

पताः–शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला–बलिया, उ0प्र0 पिन कोडः–277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.in E-mail :- jncuballia@gmail.com